पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

सार्वजनिक स्वास्थ्य के स्कूलों की शुरुआती रैंकिंग में, **पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया (PHFI)** ने लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन के बाद **विश्व स्तर पर दूसरा स्थान** प्राप्त किया है।

- रैंकिंग इंटरनेशनल जर्नल ऑफ पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित **'सार्वजनिक स्वास्थ्य के स्कूलों की रैंकिंग के लिये एक नया मॉडल: सार्वजनिक स्वास्थ्य अकादमिक रैंकिंग' शीर्षक** वाली रिपोर्ट का हिस्सा है।
    - इस परियोजना का उद्देश्य अकादमिक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय ग्रंथ सूची विश्वविद्यालय रैंकिंग प्रणाली बनाना है।
- PHFI को वर्ष 2006 में भारत के **पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह** द्वारा लॉन्च किया गया था। यह एक [सार्वजनिक-निजी पहल] है जिसमें भारतीय तथा अंतर्राष्ट्रीय शिक्षाविद, सरकारें, एजेंसियाँ एवं नागरिक समाज समूह शामिल होते हैं।
- यह [सार्वजनिक स्वास्थ्य] में **अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नीति निर्माण हेतु भारतीय संस्थानों की क्षमता को मज़बूत करने** का प्रयास करता है। PHFI की रणनीति, जो निवारक, चिकित्सीय एवं प्रचार सेवाओं पर केंद्रित है, वैश्विक स्थिति के साथ-साथ भारतीय स्थितियों में भी इसी तरह के मुद्दों का समाधान करती है।
- **PHFI** द्वारा **बहु-विषयक शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिये** पूरे भारत में छह संस्थान स्थापित किये हैं, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा के लिये नीतियों को सूचित करने के साथ ही सहायता भी प्रदान करना है।

और पढ़ें...[भारत में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/public-health-foundation-of-india